दैनिक भास्कर जोधपुर 27-02-2026

जेआईए: रूफटॉप सोलर वर्कशॉप में ऊर्जा आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

जेआईए में हुई कार्यशाला में अधिकाधिक सोलर प्लांट लगाने पर जोर दिया।

जोधपुर | जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जेआईए) ने औद्योगिक इकाइयों को बढ़ती विद्युत दरों से राहत व दीर्घकालीन लागत स्थिरता देने के उद्देश्य से "रूफटॉप सोलर एवं बैंक फाइनेंसिंग" पर कार्यशाला हुई।

अध्यक्ष अनुराग लोहिया ने कहा कि जोधपुर सूर्यनगरी होने के कारण सोलर ऊर्जा दीर्घकालीन लागत नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण व प्रतिस्पर्धा बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

मुख्य अतिथि जोधपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक वी.के. छगानी ने नेट-मीटरिंग, ग्रिड कनेक्टिविटी व अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाने के प्रयासों की जानकारी दी।

जोनल मुख्य अभियंता पी.एस. चौधरी ने सोलर प्लांट स्थापना, लोड असेसमेंट, कनेक्शन अनुमोदन व सुरक्षा मानकों पर मार्गदर्शन दिया। होराइजन रिन्यूएबल पावर के डीजीएम सिद्धार्थ सौरभ ने सोलर इंस्टॉलेशन, पैनल चयन, मॉनिटरिंग, 3 वर्ष में निवेश वापसी (ROI), 25 वर्ष में 1 रु. प्रति यूनिट से कम लागत और EMI व OPEX मॉडल सहित बैंक वित्तपोषण विकल्प समझाए।

बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं समयानुकूल बताया। इस अवसर पर जेआईए निवर्तमान अध्यक्ष एन.के. जैन भूतपूर्व अध्यक्ष किषनलाल गर्ग, आषाराम धूत, प्रकाष जीरावला,वरिष्ठ उद्यमी जवहार लाल मूंदडा, उपाध्यक्ष अरूण जैसलमेरिया कोषध्यक्ष ब्रजमोहन पुरोहित,कार्यकारिणी सदस्य, पवन बूब, एम.के.केशरी, सुपरस लोढ़ा, ओमप्रकाश तापड़िया,सुदर्शन संचेती सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे। सचिव सोनू भार्गव ने संचालन व आभार व्यक्त किया।